अत्यावश्यक

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

संख्या न0नि0–50–15 / 2025...2916

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा(भा.प्र.से.)
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
–सह–जिला पदाधिकारी, गयाजी।

पटना, दिनांक–27/6/2025

विषय :– नगरपालिका आम / उप निर्वाचन, 2025 में उपयोग में लाये जाने वाले ई.वी.एम. के Commissioning कार्य एवं मतदान तथा मतगणना के तिथि को तकनीकी सहायक प्रदान करने हेतु अभियंताओं की सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार कहना है माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा C.W.J.C. No-12857/2024 एवं C.W.J.C. No-1682/2025 में पारित न्यायनिर्णय के आलोक में नगर पंचायत–खिजरसराय के मुख्य पार्षद एवं नगर परिषद्–बोधगया के उप मुख्य पार्षद के पदों हेतु अधिसूचित निर्वाचन को स्थगित कर दिया गया है, जिसके कारण गयाजी जिला में नगर निकाय से संबंधित किसी भी पद हेतु दिनांक–28.06.2025 को निर्वाचन निर्धारित नहीं है।

अतएव उक्त वर्णित स्थिति में मतदान एवं मतगणना की तिथि को तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु BEL के प्रतिनियुक्त एक अभियंता की सेवा दिनांक–28.06.2025 से दिनांक–30.06.2025 तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–जिला पदाधिकारी, बक्सर तथा दूसरे अभियंता की सेवा दिनांक–28.06.2025 से दिनांक–30.06.2025 तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–जिला पदाधिकारी, पटना को अंतरित (Transfer) की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि उक्त दोनों अभियंताओं को नियमानुसार कार्य दिवस के अनुसार सेवा प्रमाण पत्र करते हुए अविलम्ब पटना एवं बक्सर पहुचाने हेतु एक वाहन की व्यवस्था करने की कृपा की जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

27.6.25

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15 / 2025...2916 पटना, दिनांक–27/6/2025

प्रतिलिपि– Anil Kumar Soans, Sr.DGM (Marketing/EM) BHARAT ELECTRONICS LIMITED BENGALURU-560013E-mail-aksoans@bel.co.in को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–15 / 2025 2916 पटना, दिनांक–27/6/2025

प्रतिलिपि :– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–जिला पदाधिकारी, पटना, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।